समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# IPL 2025: RCB बनी चैपिंयन, जीते 20 करोड़ रुपये ; पंजाब को हार के बाद भी मिले करोड़ों ।

Publisher

Published on 04 Jun 2025



## 18 साल के लंबे इंतजार के बाद RCB ने पहली बार IPL ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर रचा इतिहास ।

**अहमदाबाद :** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में **रॉयल चैलेंजर्स बेगंलुरु (RCB)** ने **पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर IPL 2025** का खिताब जीत लिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ **RCB ने 18 साल के लंबे इंतज़ार का अंत किया और अपनी पहली IPL ट्रॉफी** अपने नाम की।

**RCB को मिली 20 करोड़ की इनामी राशि**
**IPL 2025** के विजेता के रूप में **RCB को 20 करोड़ रुपये** की प्राइज मनी दी गई। वहीं, फाइनल हारने वाली पंजाब किंग्स को भी निराश नहीं होना पड़ा — **उन्हे उपविजेता के तौर पर 13 करोड़ रुपये** मिले।

इसके अलावा, **प्लेऑफ मे पंहुंची अन्य टीमों** को भी आर्थिक इनाम मिला:
**मुंबई इंडियंस – 7 करोड़ रुपये**
**गुजरात टाइटंस – 6.5 करोड़ रुपये**

**फाइनल मैच का हाल : विराट की धीमी पारी और बॉलर्स का जलवा**
टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए **RCB ने 20 ओवर मे 190 रन** बनाए। खास बात यह रही कि टीम के किसी भी खिलाड़ी ने अर्धशतक नहीं लगाया, फिर भी एक मजबूत स्कोर खड़ा किया गया। **विराट कोहली ने 35 गेदों मे 43 रन** की पारी

खेली।

जवाब में **पंजाब किंग्स की टीम 184 रन** ही बना सकी। **शशांक सिंह ने 30 गेदों मे 61 रन** बनाए, लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके। **जॉश हेजलवुड ने 4 ओवर मे 54 रन** जरूर दिए, मगर बाकी गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाज़ी कर मैच का रुख पलट दिया।

**IPL 2025 प्राइज मनी वितरण :**

| **स्थान** | **टीम** | **इनामी राशि** |
|---|---|---|
| विजेता | RCB | ₹20 करोड़ |
| उपविजेता | पंजाब किंग्स | ₹13 करोड़ |
| तीसरा स्थान | मुंबई इंडियंस | ₹7 करोड़ |
| चौथा स्थान | गुजरात टाइटंस | ₹6.5 करोड़ |

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.